करधनी इलाके में 10 वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास

बच्चे के चुंगल से निकलने पर बदमाश वैन लेकर वहां से फरार हो गया

-कार्यालय संवाददाता-

- रविवार शाम साईकिल से घर लौट रहा था बच्चा, अपहरण की कोशिश के दौरान बदमाश का पैर फिसल गया और बच्चा उसके चंगुल से छूटकर भाग निकला
- बच्चे ने घर पहुंचकर परिजनों को इस वारदात के बारे में सूचना दी, इस पर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे खंगाल रही है।

जयपुर । करधनी इलाके में 10 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने का प्रयास का मामला सामने आया है।

जानकारी में सामने आया है कि साइकिल से घर लौटते समय नकाबपोश बदमाश ने मुंह दबाकर बच्चे को वैन में डालने का प्रयास किया। इस पर बच्चे के खुद को छुडाने की कोशिश के दौरान अपहरणकर्ता का पैर फिसल गया। इस पर बच्चे खुद को छुड़ाकर घर की ओर भाग कर परिजनों को इसकी जानकारी देकर पुलिस को सूचना की।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि लालचंदपुरा निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके दस वर्षीय के बेटे का अपहरण करने का प्रयास किया गया। जो रविवार देर शाम को साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान मकान के पीछे की ओर गली में नकाबपोश बदमाश वैन लेकर खड़ा थे। साइकिल लेकर वहां से जाते समय नकाबपोश बदमाश ने बच्चे को पकड़ा और मुंह दबाकर उसके बेटे को जबरन वैन में डालने लगा। बच्चे के खुद को छुडाने की कोशिश के दौरान अपहरणकर्ता का पैर फिसल गया। अपहरणकर्ता के गिरने पर बच्चे ने खुद को छुड़ाकर घर की ओर भाग गया। बच्चे के चुंगल से निकलने पर बदमाश वैन लेकर वहां से फरार हो गया। घर पहुंचकर बेटे के परिजनों को इस बारे में जानकारी दी।

इस पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अपहरणकर्ताओं की तलाश की,लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

ग्रेटर नगर निगम ने जयपुर समारोह का आगाज किया

जयपुर । नगर निगम ग्रेटर द्वारा सोमवार से जयपुर समारोह-2024 का आगाज किया गया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मोती डूंगरी गणेश मन्दिर पहुंचकर प्रथम पूज्य भगवान गणेश को निमंत्रण दिया दीप प्रज्जवलन कर पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर गज पूजा के साथ महिलाओं द्वारा लाल चूनरी ओढ़कर महाआरती की गई। इसके बाद महापौर ने गंगापोल गेट पर विराजमान भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। मोती डूंगरी मन्दिर पर शहनाई वांदन किया गया। सुन्दर बैण्ड द्वारा प्रस्तुति दी गई।

महापौर ने इस अवसर पर जयपुरवासियों को जयपुर समारोह-2024 की शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि जयपुर अपनी सांस्कृतिक विरासत, धरोहर, परम्पराओं के लिये जाना जाता है।

जयपुर की विरासत स्वच्छता अक्षुण्ण रखने के लिये हम सभी को प्रयास करना चाहिए। महापौर ने गोविंद देव जी मन्दिर पहुंचकर पूजा अर्चना की साथ ही जयपुरवासियों के साथ भजनों का भी आनन्द लिया।

दवा व्यापारियों से करोड़ों रु. ठगने वाला गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने दवा व्यापारियों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की शातिर ठग कुलदीप शर्मा के खिलाफ दवा व्यापारियों के साथ ठगी करने के चार अलग-अलग प्रकरण दर्ज है और शातिर बदमाश अलग-अलग व्यापारियों से करीब 9-10 करोड़ की ठगी कर चुका है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार (आईपीएस) ने बताया कि जयपुर शहर मे व्यापारियों के साथ हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिला जयपुर पश्चिम के सभी थानाधिकारीयो को टीम बनाकर धोखाधड़ी पूर्वक ठगी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देश दिए गए थे। निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया और टीम ने मुखबिर की सूचना व तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपी कुलदीप शर्मा (31) पुत्र सत्यनारायण शर्मा निवासी गांव लिवाली, बामनवास, गंगापुर सिटी हॉल गणेश विहार कॉलोनी विजयपुरा आगरा रोड कानोता को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि परिवादी भारत भूषण अधिकृत मालिक अजय बंसल फर्म श्री लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज कम्पनी रोड नम्बर 06 विश्वकर्मा जयपुर से करीबन 25 लाख रूपये दवाईयो का माल खरीदकर धोखाधडीपूर्वक ठगी कर ले जाने का मामला दर्ज कराया था। इसी प्रकरण पूर्व में आरोपी राजेश कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस पूछताछ में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी राजेश ने बताया कि मेडिकटो बायोटेक नाम से उन्होने पार्टनर्शिप फर्म बनाकर जयपुर,लखनऊ,उत्तर प्रदेश फरीदाबाद,हरियाणा में दवाईयों के व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी कर करीब 9 से 10 करोड़ रुपयों का दवाईयों का माल हड़प लिया था। जिसके बाद दवा व्यापारियों ने अलग-अलग चार ठगी के मामले कुलदीप शर्मा के खिलाफ दर्ज कराए थे।

"जौनएलिया का जिन" नाटक के लिए सम्मान

जयपुर । साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान "स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास" ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान की घोषणा कर दी है।

न्यास द्वारा जारी विज्ञिप्त में डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान में इस बार नाटक विधा के लिए सुपरिचित ग़ज़लकार और नाटककार इरशाद खान सिकन्दर के नाटक जौनएलिया का जिन को दिया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि फरवरी में आयोज्य समारोह में नाटककार इरशाद खान सिकन्दर को सम्मान में ग्यारह हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट किये जाएंगे।

साहित्य और लोकतान्त्रिक विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए गठित स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास में कवि राजेश जोशी(भोपाल), आलोचक दुर्गाप्रसाद अग्रवाल (जयपुर), कवि-आलोचक आशीष त्रिपाठी (बनारस), आलोचक पल्लव (दिल्ली), इंजी अंकिता सावंत (मुंबई) और अपूर्वा माथुर (दिल्ली) सदस्य हैं।

चांदपोल मंदिर में सीता स्वयंवर में भगवान रामचंद्र ने तोड़ा धनुष

श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव के तहत आज मनाया जायेगा भगवान राम का सगाई समारोह

जयपुर (कासं)। चांदपोल स्थित श्रीरामचंद्रजी मंदिर में चल रहे श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव में सोमवार को सीता स्वयंवर साकार किया गया। यहां मंदिर जगमोहन में धनुष सजा कर रखा गया। एक तरफ अपनी सखियों के साथ सीताजी विराजे तो दूसरी तरफ श्रीराम और लक्ष्मण। पहले सीताजी ने शिव धनुष पूजन और परिक्रमा की फिर स्वयंवर शुरू हुआ। सबसे आखिर में श्रीरामजी ने धनुष उठाकर तोड़ दिया। इसके बाद सीताजी ने जयमाला पहनाई।

मंगलवार को भगवान राम का सगाई तिलक समारोह मनाया जाएगा। यहां वर-वधू की सगाई, गोद भराई, मेहंदी मटकोर इत्यादि मनोरथ साकार किया जाएगा। संध्या आरती बाद मंदिर जगमोहन में एक तरफ सिंहासन पर रामजी और दूसरी तरफ सीताजी को विराजमान किया जाएगा । दोनों के परिवार वाले आमने-सामने बैठ कर पूरे रीति रिवाज से सगाई का कार्य पूरा करेंगे। दूल्हे के रूप में सजे ठाकुरजी को हीरे जड़ित तिलक धारण करवाया जाएगा तो दूसरी तरफ दुल्हन सीताजी मोतियों से सजाई जाएगी। मंदिर भक्त समाज भजन के माध्यम से कार्य सम्पन्न कराएंगे। तुरंत बाद ही सीताजी को कुमकुम मेहंदी लगाई जाएगी और उनकी प्रसादी महिला समाज में वितरण की जाएगी। इसके बाद सीताजी अपनी सखियों के साथ मटकोर पूजने जाएंगी।

जवाहर सर्किल स्थित होटल हरी विला में पुलिस की छापेमारी

जयपुर । जवाहर सर्किल इलाके में स्थित हरि विला होटल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि को दबिश मारी गई। वहां से पुलिस ने सात युवती और पांच युवकों को डिटेन किया। इसके अलावा होटल मैनेजर को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर आदित्य पूनियां व जवाहर सर्किल थाने की टीम ने युवितयों को पाबंद कर छोड़ दिया। होटल मैनेजर समेत पांच लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पूनियां ने बताया कि इस मामले में हरि विला होटल के मैनेजर गौरव कुमार मित्तल निवासी आगरा, संजय गुप्ता निवासी तिलक नगर, यशपाल सिंह शेखावत निवासी बिन्दायका, दीनदयाल सिंह नेछवा निवासी सीकर और हनुमान सिंह निवासी लक्ष्मणगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। जिन युवतियों को पाबंद कर छोड़ा गया। वह दिल्ली, मुंबई और तजाकिस्तान की रहने वाले थी। युवतियों को होटल में अनैतिक कार्य करने के लिए बुलाया गया था। जवाहर सर्किल थानाधिकारी विनोद सांखला थाना इलाके में स्थित होटल हरी विला में रेड मारी गई थी। रेड के दौरान होटल में संचालित संदिग्ध गतिविधियां में एक दर्जन युवक-युवतियां संदिग्ध अवस्था में पाए गए थे।

द्रव्यवती नदी के बहाव क्षेत्र में 2 बीघा भूमि पर बसाई अवैध कॉलोनी ध्वस्त

न्यू आतिश मार्केट के पास कृषि भूमि के बिना रूपांतरण व जे.डी.ए. की बिना परमिशन काटी गई थी अवैध कॉलोनी

जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने न्यू आतिश मार्केट के पास अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण ध्वस्त किए।

-कार्यालय संवाददाता-

- अक्टूबर माह से अब तक जे.डी.ए. ने 58 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की : विश्नोई

जयपुर । द्रव्यवती नदी के बहाव क्षेत्र में आतिश मार्केट के पास 2 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त किया।

पुलिस उप महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि न्यू आतिश मार्केट के पास द्रव्यवती नदी के बहाव क्षेत्र में 2 बीघा कृषि भूमि पर रातोंरात मिट्टी ग्रेवल की सड़क, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसा ली गई। इसके लिए भूखंड़ मालिक ने ना तो जे.डी.ए. की कोई अनुमति-स्वीकृति ली और ना ही कृषि भूमि का भू-रूपांतरण कराया। जैसे ही इस अवैध कॉलोनी की शिकायत जेडीए के पास पहुंची तो तुरंत जोन 5 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर सोमवार को प्रवर्तन दस्ते ने यहां कार्रवाई की। टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता की मदद से अवैध कॉलोनी में किए गए तमाम निर्माणों को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में जेडीए और पुलिस का जाप्ता मौजूद रहा।

कैलाश विश्नोई ने बताया कि अक्टूबर माह से अब तक जेडीए की प्रवर्तन टीम ने 58 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की है।

सार-समाचार

फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला गिरफ्तार

जयपुर । मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिगर व्यक्तियों के फ्लैट की फर्जी रजिस्ट्री करवाने वाले एक शातिर आरोपित को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिगर व्यक्तियों के फ्लैट की फर्जी रजिस्ट्री करवाने वाले एक शातिर आरोपित करण गुप्ता निवासी महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित करण गुप्ता ने अपने दोस्त के फ्लैट के कागज प्राप्त कर अन्य लोगों के साथ मिलकर स्वयं के नाम से फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर ली और उसकी फर्जी रजिस्ट्री से उक्त फलेट के बेच दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ मानसरोवर थाने में तीन सहित जयपुर शहर के विभिन्न थानों में धोखाधडी के कई मामले दर्ज है। इसके अलावा मानसरोवर ,प्रताप नगर और बनीपार्क थाने में धोखाधड़ी मामले में वांछित चल रहा है। आरोपित पुलिस से बचने के लिए कोटा शहर में फरारी काट रहा था।

दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर । आदर्श नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए नशे के लिए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर लक्की खटीक (29) निवासी बैजूपाडा जिला दौसा हाल झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित महेश नगर थाना इलाके में वाहन चोरी के मामले में फरार चल रहा था। जो स्मैक का नशा करता है और नशा पूर्ति के लिए वाहन चुराता है। चुराई गई बाइक को औने-पौने दामों में बेच कर मिलने वाले पैसों से नशा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन द्वारा प्रताप नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में कुल 175 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य कल्याण होमोपैथिक कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, विशिष्ट अतिथि से. नि. मुख्य लेखाधिकारी छोटू लाल आलोरिया रहे। जिन्होंने बच्चों को सलाह दी कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । ट्रस्ट अध्यक्ष सेवानिवृत्त आरएएस एन.एल.वर्मा ने ट्रस्ट और फाउंडेशन के पदाधिकारियों को इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। फाउंडेशन अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बताया कि आयोजन ने न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि उनके भीतर खेल के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, मेढ़क दौड़ जैसी गतिविधियां शामिल थीं। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर रामदेई, ममता देवी, विद्या देवी, भास्कर, नीतेश, मनीष, महिपाल आदि गण्यमान्य लोग मौजूद रहे ।

सारस्वत ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन

जयपुर । सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह और गोठ विधाधर नगर स्थित परशुराम भवन जयपुर में रविवार को आकर्षक और मनभावक विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिला जयपुर के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि श्री डूंगरगढ़ के विधायक ताराचंद सारस्वत और विशिष्ठ अतिथि राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा थे। इस भव्य आयोजन में सारस्वत ब्राह्मण समाज के सैकड़ों पुरुष, महिला, युवा और बच्चे शामिल हुए। समारोह में अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, महासचिव सुरेश सारस्वत, कार्यकारी अध्यक्ष नील कमल शुक्ला, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, गणेश जोशी, राखी शुक्ला, प्रशांत गोस्वामी ने बोर्ड और विश्वविधालयों की विभिन्न परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले और प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभावान छात्र छात्राओं सहित राजकीय सेवा तथा मल्टी नेशनल में चयनित सारस्वत युवाओं सहित समाज के 80 वर्ष और अधिक आयु के बुजुर्गों को दुपटा, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ताराचंद सारस्वत ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा सारस्वत एक विचार धारा है। सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज एक होकर समाज की भलाई का कार्य पूरी निष्ठां से करें। सारस्वत महिला मंडल की अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि समारोह स्थल पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में देवांश सारस्वत प्रथम और दर्शिल सारस्वत द्वितीय घोषित किया गया।

अप्पू घर में दुकान बेचने के नाम पर 35 लाख रु. ठगे

जयपुर । हरमाड़ा इलाके में अप्पू घर में दुकान बेचने के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक महिला ने अप्पू घर की कंफर्म इंटरनेशनल एम्यूजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि अप्पू घर को पर्यटन स्थल बनाने का किया गया था दावा, परिवादी श्वेता सिंह निवासी गौतम बुद्ध नगर नोएडा (उत्तर प्रदेश) ने मामला दर्ज करवाया है कि फर्म इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड के अधिकारी और कर्मचारियों ने अप्पू घर के नाम से टयुरिज्मम स्थल बनाने के नाम बडे बडे सपने दिखाकर टूरिज्म स्काल पर दुकान बेचने करने के नाम से 35 लाख रुपये ठग लिए।

छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर जयपुर में बेचने वाला पकड़ा

जयपुर (कासं)। आदर्श नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले एक शातिर सप्लायर को पकड़ा है और उसके पास से सात किलो दो सौ दस ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ गांजा छत्तीसगढ़ से जयपुर लाकर सप्लाई करता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व)तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत आदर्श नगर और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले सप्लायर नंदलाल साहू (28) निवासी शिवरीनारायण जिला जांजगीर (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से सात किलो दौ सौ दस ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भी जब्त किया है। आरोपित यह गांजा छत्तीसगढ से लेकर आता है और फिर जयपुर में छोटे-छोटे पैकेट बना कर जयपुर में गांजा बेचने वालों को सप्लाई करता है और फिर वापस छत्तीसगढ़ चला जाता है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे मे पूछताछ कर रही है।

अपार आई.डी. जनरेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

जयपुर । डॉ.राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में सोमवार को यू-डाइस के अंतर्गत अपार आईडी जनरेट करने के लिए एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता करते हुए राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने ट्रेनिंग में उपस्थित निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों से यू-डाइस एवं अपार संबंधी कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अपार आईडी और यू-डाइस डेटा अपडेशन एवं तरीकों की जानकारी भी दी गई और डेटा अपडेशन में आ रही समस्याओं के निदान के सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त मोनिका बलारा एवं जयपुर के सभी निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि सहित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेस्टोरेंट में संचालित दो हुक्का बार पर छापेमारी

जयपुर । गांधी नगर और बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे दो हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए तीन बार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त किया है। इसके अलावा कई लोगों को हुक्का पीते मिलने पर कोटपा एक्ट के तहत चालान किया गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बातया कि यह कार्रवाई गांधी नगर और बजाज नगर थाना इलाके में संचालित स्काईफॉल रेस्टोरेंट और मरकरी रेस्टोरेंट में की गई है जो रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्कार बार चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से दोनों रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और दोनों जगहों पर एक-एक पुलिसकर्मी को सादा वर्दी (बोगस ग्राहक) बना कर भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मियों के इशारा मिलने पर छापा मारा गया।

जहां मौके दोनों हुक्का बारों में कई व्यक्ति हुक्का पीते हुए मिलने पर कोटपा एक्ट में चालान किया गया। वहीं बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे बार कर्मचारी पंकज जोशी और भारत सिंह सहित उज्ल सरकार कुमार निवासी को रेस्टोरेंट में नौजवान लोगों को हुक्का पिलाते हुए गिरफ्तार किया है। वहां से बड़ी मात्रा में हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर सहित तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए है।

हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा ने बांटे विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार

29वीं राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा और मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

जयपुर (कासं)। राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद की 29वीं प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो गयी। केन्द्रीय खेलकूद संचालन समिति के संयोजक दारा सिंह एवं आयोजन सचिव संजय शर्मा ने बताया कि बीते 4 दिनों में विभिन्न खेले जैसे टेबिल टेनिस, बास्केटवाल, क्रिकेट, बॉलीवॉल, बास्केटबॉल, कैरम एवं बेडमिन्टन की फाइनल प्रतियोगिताएं हुई। सोमवार को समापन समारोह में हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा और मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

संजय शर्मा ने बताया कि लम्बी कूद में मुख्यालय और ऊँची कूद में जोन-तृतीय विजेता रहे। समापन समारोह में महिला कार्मिकों की तेजचाल, म्यूजिकल चेयर एवं बेडमिन्टन 55 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों की बेडमिन्टन, टेबिलटेनिस, कैरम, रस्साकस्सी एवं तेजचाल प्रतियोगिता हुई। दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी कई प्रतियोगिताएं रखी गई।

आयोजन समिति एवं राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ कुमार व महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में टेबिल टेनिस, बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट में मधुर मलिक के द्वारा 125 रनों की बौछार करते हुए मुख्यालय टीम को चार जोनों की टीमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया और बैडमिंटन में जोन प्रथम के सुभाष यादव प्रथम रहे।

निजी अस्पतालों से मोबाइल व लैपटॉप चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर । मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निजी अस्पतालों से मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गए दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। पूछताछ में बदमाश ने शहर में कई निजी अस्पतालों में मरीजों या उनके परिजनों के मोबाइल और अन्य सामान चोरी करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निजी अस्पतालों से मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने के मामले में एक शातिर चोर प्रतीक पारीक (24) निवासी मुरलीपुरा हाल विधाधर नगर जयपुर को गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी गए दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप जब्त किया है। थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि थाने में शिकायत आई थी की थाना इलाके स्थित बालाजी हॉस्पिटल व न्यू लाइफ हॉस्पिटल में मरीजों के मोबाइल और लैपटॉप चोरी हो गए। इस पर पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्जकर एक टीम बनाई गई जिस टीम को अस्पतालों में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगाया गया। गठित टीम ने न्यू लाइफ हास्पिटल व बालाजी हॉस्पिटल के सीसीटीवी कैमरों को देखने पर सामने आया की दोनों वारदात को करने वाला आरोपी एक ही है। दोनों बदमाशों का हुलिया सीसीटीवी में एक जैसा दिखाई दिया। आरोपी की फोटो को इलाके में सर्कुलेट कराई गई तो पता चला कि आरोपी का नाम प्रतीक है,जो स्मैक का नशा करता है। देर रात को चोरी करता है। पुलिस ने आरोपी व उसके घर के बारे में पता किया। आरोपी वारदात करने के बाद स्मैक का नशा करने के लिए रेलवे ट्रैक के आस-पास रहता है। रात को अपने घर ढेहर के बालाजी आता है। इसका घर चिह्नित कर आरोपी को हिरासत में पूछताछ की तो सामने आया है कि वह नशे के लिए चोरी करता था।